कलक्टर ने स्कूलों का औचक निरीक्षण किया

भरतपुर (निस)। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने गुरूवार को सेवर पंचायत समिति क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बांसी एवं महुआ का औचक निरीक्षण कर मिड-डे मील योजना की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने विद्यालय में विद्यार्थियों को परोसे जा रहे भोजन को स्वयं चखकर उसकी गुणवत्ता, स्वाद एवं स्वच्छता की जांच की। उन्होंने प्रतिदिन दिनवार मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि निर्धारित मानकों के अनुसार पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन ही विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया जाए। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, पोषण स्तर एवं नियमितता के बारे में जानकारी ली। साथ ही परीक्षा परिणाम, पढ़ाई की स्थिति तथा विभिन्न शैक्षिणक योजनाओं पर भी चर्चा की। जिला कलक्टर ने विद्यालय स्टाफ को निर्देशित किया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ पोषण पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी अतुल चतुर्वेदी, बांसी प्रधानाचार्य लोकेश गुप्ता , महुआ प्रधानाचार्य अर्चना कुमारी, व्याख्याता जितेंद्र वशिष्ठ, प्रभाकर शर्मा, ललित कुमार, वरिष्ठ अध्यापक प्रेम शंकर, पंचायत शिक्षक भूपेंद्र सिंह सहित अन्य स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।

मुस्कान से सुनी कविता, किया उत्साहवर्धन: निरीक्षण के दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महुआ की दसवीं कक्षा छात्रा मुस्कान गोयल ने जिला कलक्टर को अपनी पसंदीदा कविता फायर एंड आई सुनाई। छात्रा ने बताया कि कविता में मानव की असीमित इच्छाओं और घमंड की व्याख्या की गई है। इस पर जिला कलक्टर ने मुस्कान की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ अपनी प्रतिभाओं और रुचियों को भी निरंतर विकसित करना चाहिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी एवं विद्यालय प्रशासन को निर्देश दिए कि ठाामीण क्षेत्रों में नामांकन बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं, जिससे अधिक से अधिक बच्चे विद्यालय से जुड़ सकें।

बच्चों की सुरक्षा व जागरूकता पर दिया जोर: जिला कलक्टर ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों, विशेषकर बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए गुड टच और बैड टच के बारे में बच्चों को जागरूक किया जाए।

नारी शक्ति वंदन में व्यवधान कांग्रेस की देन : भाजपा

- नारी शक्ति वंदन को लेकर भाजपा ने की प्रेस वार्ता
- भारतीय जनता पार्टी नारी सशक्तिकरण और लोकतंत्र की मजबूती के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है

भरतपुर (निसं)। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने लोकसभा में पारित होने में जो व्यवधान उत्पन्न किया जो नारी समाज के लिए निन्दनीय कदम है। जिसको लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालयए भरतपुर पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य वक्ता गृह राज्य एवं पशुपालन मंत्री जवाहर सिंह बेढम रहे। प्रेस वार्ता की प्रस्तावना जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा द्वारा रखी गई। प्रस्तावना में शिवानी दायमा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी नारी सशक्तिकरण और लोकतंत्र की मजबूती के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। केन्द्र सरकार द्वारा लाए गये नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लोकसभा में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों द्वारा धराशाई कर दिया गया जिससे देश की सम्पूर्ण नारी जाति का घोर अपमान हुआ है। इस अपमान को नारी शक्ति कभी नहीं भूलेगी। समय आने पर इसका हिसाब चुकता करेगी। जब तक नारी शक्ति अपना अधिकार प्राप्त नहीं कर लेती है तब तक निरन्तर संघर्ष करती रहेगी। और अपने अधिकार प्राप्त करके ही दम लेगी।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि संसद में 16 एवं 17 अप्रैल को जिन महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा हुई। वे देश के लोकतांत्रिक ढांचे को सुदृढ़ करने तथा महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम था। उन्होंने कहा कि इन विधेयकों का विरोध कर कांग्रेस सपाए, टीएमसी और डीएमके जैसे दलों ने न केवल लोकतंत्र की भावना को आहत कियाए बल्कि देश की आधी आबादी माताओं, बहनों और बेटियों के अधिकारों के साथ भी विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया है कि महिलाओं को नीति-निर्माण में समान भागीदारी देना कोई अहसान नहीं है बल्कि उनका नैसर्गिक और संवैधानिक अधिकार है। लेकिन विपक्षी दल वर्षों से तकनीकी बहानोंए समितियों और प्रक्रियात्मक देरी के माध्यम से महिलाओं को संसद और विधानसभाओं से दूर रखने का प्रयास करते रहे हैं। बेढम ने परिसीमन के मुद्दे पर विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम को निराधार बताते हुए कहा कि परिसीमन एक संवैधानिक प्रक्रिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रक्रिया से किसी भी राज्य या क्षेत्र का नुकसान नहीं होगाए बल्कि जनसंख्या के अनुपात में संतुलित और समावेशी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा तथा दक्षिण भारत सहित सभी क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व सुरक्षित रहेगा। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब भी महिलाओं को उनके वास्तविक अधिकार देने की बात आती हैए तब ये दल राजनीतिक स्वार्थ के चलते बाधाएं उत्पन्न कर देते हैं। मुख्य वक्ता ने कहा कि इतिहास गवाह है कि इन दलों ने महिलाओं के अधिकारों के मुद्दे पर हमेशा दोहरा रवैया अपनाया है। तीन तलाक जैसे मामलों में भी महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ़ खड़े रहने वाले ये दल आज महिला सशक्तिकरण की बात करते हैंए जो पूर्णतः विरोधाभासी है। उन्होंने यह भी कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का क्रियान्वयन परिसीमन से सीधे जुड़ा हुआ है और यदि परिसीमन में देरी होती है तो महिलाओं को आरक्षण का लाभ समय पर नहीं मिल पाएगा। इसीलिए इस विधेयक का विरोध सीधे तौर पर महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित करने का प्रयास है। बेढम ने कहा कि आज देश की महिलाएं जागरूक हैंए पंचायत स्तर से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व कर रही हैं और अब वे संसद एवं विधानसभाओं में भी अपनी सशक्त भागीदारी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि आने वाले समय में महिलाएं अपने मताधिकार के माध्यम से ऐसे महिला विरोधी दलों को उचित जवाब देंगी। प्रेस वार्ता के इस अवसर पर जिला महामंत्री भगवान दास शर्मा एवं जगत सिंह गुर्जरए जिला मीडिया प्रभारी डॉ. वीरेन्द्र पचौरीए शहर अध्यक्ष अनामिका चौधरीए विभा गर्गए अन्नू फौजदार आदि उपस्थित रहे।

सेरेमोनियल परेड सहित कार्यशैली भी प्रशंसा की पात्र है : परम ज्योति

करौली (निसं)। पुलिस प्रशासन के वर्ष 2026 के वार्षिक निरीक्षण के लिए दो दिवसीय दौरा पर आई परम ज्योति पुलिस महानिरीक्षक जयपुर क्राइम ने गुरुवार को प्रातः ही पुलिस लाइन में पुलिस की सेरेमोनियल परेड की सलामी लेते हुए निरीक्षण किया। उसके बाद पुलिस लाइन परिसर और क्वार्टर गार्ड स्टोर एम टी आरमोर सैल आदि का निरीक्षण करते हुए करौली पुलिस प्रशासन की प्रशंसा की वही पुलिस लाइन में पेयजल समस्या पर चिंता जताई। पुलिस प्रशासन के वार्षिक निरीक्षण को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल के निर्देशन में यहां के पुलिस प्रशासन द्वारा पुलिस लाइन परिसर के अलावा क्वार्टर गार्ड स्टोर में एमटी आर मोर सेल मैस मालखाना आदि को सुव्यवस्थित तरीका से साफ़-सुथरा रखा गया जिसके निरीक्षण के लिए दो दिवसीय दौरा पर आई परम ज्योति पुलिस महानिरीक्षक क्राइम जयपुर ने बारीकी से निरीक्षण किया। इसी मौके पर पुलिस प्रशासन द्वारा अपराधीयों को नाकेबंदी कर पकड़ने के दिए गए डेमो का निरीक्षण किया। उसके बाद सभागार हाल में आयोजित संपर्क सभा मैं सर्वप्रथम उन्होंने करौली जिले के पुलिस प्रशासन की कार्यशैली की बहुत-बहुत प्रशंसा करते हुए संपर्क सभा में पुलिस कर्मी और पुलिस अधिकारियों की समस्याएं सुनते हुए सुझाव लिए लिए। इसी मौके पर पुलिस महानिरीक्षक क्राइम जयपुर को पुलिस लाइन में पेयजल संकट की शिकायत मिलने पर शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल से पेयजल समस्या के समाधान पर विस्तार से चर्चा की उसके बाद पुलिस महानिरीक्षक परम ज्योति ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अधिकारियों की अपराध गोष्टी लेते हुए अपराधों पर अंकुश लगाने एवं समयबद्ध अपराध पत्रावलियों का निस्तारण करने के निर्देश दिए इससे पूर्व उन्होंने गत दिन करौली निरीक्षण आगमन पर टोडाभीम पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया। इधर करौली सदर थाना का निरीक्षण किया एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया और मां केला देवी जी और मदन मोहन जी के दर्शन लाभ लेते हुए राज्य की खुशहाली की मनौती मांगी।

सार-समाचार

भावी इंजिनियरों ने किया एस.टी.पी. का शैक्षिणक भ्रमण

भरतपुर (निसं)। आरयूआईडीपी, भरतपुर की सामुदायिक जागरुकता एवं जन सहभागिता (कैप) इकाई द्वारा अधिषाषी अभियन्ता राजुल कुमार के मार्गदर्षन में विद्यार्थी जागरुकता गतिविधि अन्तर्गत श्री गोकुल वर्मा राजकीय पोलीटेक्निक कॉलेज के 25 छात्र-छात्राओं ने सीवरेज परियोजना के अन्तर्गत नगला गोपाल के निकट स्थित सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट पर प्रगतिरत् कार्यो का अवलोकन किया। इस क्रम में विजिट में उपस्थित अरविन्द तोमर, सहा. अभियन्ता ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को एसटीपी की कार्यप्रणाली एवं उसके विभिन्न घटकों, एसबीआर तकनीक, दूषित मल-जल उपचार प्रक्रिया तथा उपचारित जल के पुनः उपयोग के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की। इसके अलावा सोषल एक्सपर्ट मनीष कटारा ने भी सहभागीयों को आरयूआईडीपी परियोजना कार्यो की विस्तार से जानकारी प्रदान की, साथ ही उन्हें एसटीपी के कम्पयूटराईज्ड मॉनिटरिंग तकनीक स्काडा के बारे में सम्बन्धित कार्मिक की सहायता से समझाया और सीवरेज प्रणाली सम्बन्धी नागरिक दायित्वों के लिये भी जागरुक किया। इस शैक्षिणिक भ्रमण के दौरान कॉलेज के प्राध्यापक गौरव कुमार, तरुण तिवारी, हरिमोहन सैनी उपस्थित थे तथा एएसडी सुरेन्द्रपाल, अषोक कुन्तल आदि ने भी सहयोग प्रदान किया।

महिला कांग्रेस भरतपुर में नई नियुक्तियां

भरतपुर (निसं)। महिला कांठोस भरतपुर की जिला अध्यक्ष बबीता शर्मा की अनुशंसा पर संगठन में दो नई नियुक्तियां की गई हैं। संगठन में सक्रिय, समर्पित एवं जुझारू महिलाओं को जिम्मेदारी देने के उद्देश्य से जिला अध्यक्ष द्वारा प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह को पत्र लिखकर प्रस्ताव भेजा गया था। घोषित नियुक्तियों के अनुसार डॉ ममता शर्मा को उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है।जबकि रीना कौर को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला अध्यक्ष बबीता शर्मा ने दोनों पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करने तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगी।

गंगापुर में 319 में से 284 वकीलों ने वोट डाले

गंगापुर (निसं)। बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के चुनाव गंगापुर सिटी सहित पूरे प्रदेश में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। अभिभाषक संघ कार्यालय के मतदान केंद्र पर सुबह 8 से शाम 5 बजे तकटिंग हुई। पूरे दिन अधिवक्ताओं में उत्साह दिखा। मतदान केंद्र पर लगातार हलचल रही। कुल 319 में से 284 मतदाताओं ने मतदान किया। गंगापुर सिटी के 315 में से 283 अधिवक्ताओं ने वोट डाला। बामनवास के 4 में से 1 अधिवक्ता ने मताधिकार का उपयोग किया। 35 अधिवक्ताओं ने मतदान नहीं किया। मतदान के बाद मतपेटियां जिला न्यायाधीश सवाई माधोपुर के समक्ष रवाना की गईं। चुनाव को निष्पक्ष रखने के लिए प्रशासन और बार काउंसिल की ओर से व्यवस्थाएं की गईं। पर्यवेक्षक एसडीएम बृजेंद्र कुमार मीणा ने सुबह से व्यवस्थाओं की कमान संभाली। अतिरिक्त मतदान अधिकारी एडवोकेट परमानंद शर्मा रहे। न्यायालय स्टाफ और प्रशासनिक कार्मिकों ने प्रक्रिया में सहयोग किया। अभिभाषक संघ अध्यक्ष योगेश कुमार शर्मा सहित अन्य अधिवक्ताओं ने आई कार्ड जांच कराई। पंजीयन के बाद मतदाताओं को पर्चियाँ जारी कीं। पारदर्शिता और गोपनीयता के लिए मतदान केंद्र पर मोबाइल और कैमरा पूरी तरह प्रतिबंधित रहे।

गुप्ता ने प्रथम रैंक प्राप्त कर जिले का नाम किया रोशन

करौली (निसं)। जिले की होनहार छात्रा कोमल गुप्ता ने सहायक प्रोफेसर (रसायन विज्ञान) भर्ती परीक्षा में प्रथम रैंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। कोमल गुप्ता, पुत्री वीरेन्द्र कुमार गुप्ता एवं माता सुषमा गुप्ता, की इस उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ी। कोमल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अग्रसेन आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने राजकीय पीजी कॉलेज, करौली से बीएससी तथा आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), जयपुर से एमएससी की पढ़ाई पूरी की। आगे उन्होंने राजस्थान विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग से पीएचडी पूर्ण की, जहाँ उनके शोध मार्गदर्शक डॉ. जया माथुर रहीं। पढ़ाई के दौरान उनका रुझान हमेशा रसायन विज्ञान विषय की ओर रहा और उन्होंने निरंतर मेहनत व अनुशासन के साथ अपनी तैयारी जारी रखी। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने भगवान, अपने माता-पिता, गुरुजनों, मित्रों एवं परिवार के सहयोग को दिया है। कोमल गुप्ता ने कहा कि यह उपलब्धि उनके लिए गर्व का क्षण है और वे भविष्य में शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनकी इससफलता से जिले के युवाओं, विशेषकर छात्राओं को प्रेरणा मिलेगी।

आदि गौड़ ब्राह्मण महासभा ने मनाई भगवान परशुराम जयंती

भरतपुर (निसं)। आदि गौड़ ब्राहमण जिला महासभा समिति भरतपुर की स्थानीय तहसील इकाई द्वारा भगवान परशुराम जयंती कार्यक्रम इकाई अध्यक्ष योगेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता एवं जिला अध्यक्ष हरिमोहन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में नरेश चंद शर्मा तथा डॉ. रामदास शर्मा रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवलित करके हुआ। व्यवस्थापक राजेश कुमार शर्मा द्वारा अतिथियों को चंदन एवं पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन के द्वारा कार्यक्रम आगे बढ़ा।

'पक्षियों को परिंडा लगाना पुनीत कार्य है'

करौली। राजस्थान राज्य भारत स्काउट ब गाइड जिला मुख्यालय करौली के तत्वाधान में आयोजित परिंडा अभियान का शुभारंभ करते हुए जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने कहा कि पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए परिंडा लगाना अत्यंत पुनीत कार्य है। सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राजस्थान प्रदेश में राज्य मुख्यालय जयपुर के निर्देशानुसार राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड द्वारा परिंदों की प्यास बुझाने के लिए परिंडा लगाऐ जा रहे हैं जिसका शुभारंभ जिला कलेक्ट्रेट में परिंडा में पानी भरकर जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी लखन सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने कहां की स्काउट गाइड द्वारा परिंदों की प्यास बुझाने के लिए लगाए जा रहे परिंडा एक पुनीत कार्य है। ठाीष्म ऋतु में पक्षियों के लिए पानी मिलना सहज नहीं रहता है और पानी के बिना हजारों की संख्या में पक्षी प्यास से मर जाते हैं परिंडा के माध्यम से पक्षियों को प्यास बुझाने के लिए पानी उपलब्ध हो जाता है जिससे वह अपना गला तर कर सकते हैं उन्होंने कहा पशु पक्षियों की सेवा एक अत्यंत पुनीत कार्य है उन्होंने प्रत्येक स्काउट गाइड से अपनी छत पर जहां छाया हो अथवा पेड़ में अवश्य परिंडा लगाए एवं उसमें पानी भरते रहे।इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने कहा कि स्काउट गाइड समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी रहते हैं । इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद करौली लखन सिंह ने कहा कि पक्षी हमारे अत्यंत सहयोगी हैं। उनका पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान होता है।

आरएएस में चयनित युवाओं का सम्मान

गंगापुर सिटी । भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने अपने निज निवास पर राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयनित युवाओं का सम्मान किया। इस दौरान बुचौलाई निवासी जगदीश गुर्जर के पुत्र रिंकू गुर्जर और रवि गुर्जर और मोतीपुरा निवासी समय सिंह गुर्जर के पुत्र सौरव गुर्जर को बधाई दी गई। पूर्व विधायक ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में पूर्व एमएलए गुर्जर ने कहा कि यह उपलब्धि केवल संबंधित परिवारों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे गंगापुर सिटी क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने आरएएस जैसी प्रतिष्ठित सेवा में चयन को युवाओं की कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम बताया। गुर्जर ने कहा कि इन युवाओं ने अपनी लगन और निरंतर प्रयासों से यह साबित किया है कि स्पष्ट लक्ष्य और मजबूत इच्छाशक्ति से हर सफलता हासिल की जा सकती है।

कलेक्टर व नगर परिषद आयुक्त को हाज़िर होने के आदेश

- हिंडौन सिटी की मंडावरा रोड पर पानी भरे होने की समस्या
- गंदे पानी के निकासी का स्थाई समाधान नहीं बताने पर हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

जयपुर (निसं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने अदालती आदेश के बावजूद भी हिंडौन सिटी की मंडावरा रोड पर भरे गंदे पानी के निकास का स्थाई समाधान नहीं बताने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने करौली कलेक्टर, हिंडौन सिटी नगर परिषद के आयुक्त और पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को 7 मई को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने के आदेश दिए है। जस्टिस अनुरूप सिंधी की एकलपीठ ने यह आदेश गिर्राज प्रसाद की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। सुनवाई के दौरान कलेक्टर और नगर परिषद आयुक्त की ओर से अलग-अलग शपथ पत्र पेश कर जानकारी दी गई। अदालत ने इससे असंतुष्ट होकर कहा कि समस्या का समाधान करने के बजाए एक दूसरे पर जिम्मेदारी डाली जा रही है। वहीं यह भी सामने आया कि ड्रेनेज का लेवल और मुख्य नाली के बीच अंतर है। जिससे पानी भरा रहता है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विजय पाठक ने बताया कि मुख्य रोड पर गंदा पानी भरने से हजारों लोग परेशान हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों की ओर से कई बार शिकायत देने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने गत 13 अक्टूबर को अफसरों से जवाब मांगते हुए कलेक्टर और नगर परिषद आयुक्त से अलग से शपथ पत्र पेश कर गंदे पानी के निकास को लेकर अब तक किए गए कामों की जानकारी और समस्या का स्थाई समाधान मांगा था। गत 24 मार्च को अदालत ने अंतिम मौका देते हुए जानकारी नहीं देने पर अफसरों को तलब किया था। ऐसे में उनकी ओर से जानकारी देने के बजाए एक दूसरे पर जिम्मेदारी डालते हुए अदालत में शपथ पत्र दिया है।

कांग्रेस को नारी शक्ति कभी माफ नहीं करेगी : पाराशर

धौलपुर में आज दिन 23 अप्रैल 2026 को भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता रानू पाराशर, जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ शिवचरण कुशवाहा ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए रानू पाराशर ने कहा कि नारी शक्ति का घोर अपमान कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने किया है नारी शक्ति उन्हें कभी माफ नहीं करेगी भाजपा की मोदी सरकार महिलाओं को अग्रिम पंक्ति में लाना चाहती हैं, लेकिन विपक्षी दल एक जुट हो कर महिला आरक्षण पुरजोर विरोध कर रहे हैं और उन्होंने उसे बिल को पास नहीं होने दिया जहां पूरे भारत में महिलाओं की आधी आबादी है भाजपा सरकार देश की आधी आबादी को आरक्षण दे रही थी।

'उपभोक्ता से उत्पादन बने राज्य के बिजली उपभोक्ता'

- राज्य के अधिकांश भू-भाग में सूर्य अधिक समय रहता है

भरतपुर (निस)। प्रदेश को बिजली सरप्लस राज्य बनाने के लिए सरकार को सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए तीव्र गति से कार्य करना होगा ताकि राजस्थान विद्युत सरप्लस राज्य बने और प्रदेश का प्रत्येक उपभोक्ता बिजली उत्पादक उपभोक्ता बन सके। इस संबंध में समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सुझाव दिया है। राज्य के अधिकांश भू-भाग में सूर्य अधिक समय रहता है ऐसी स्थिति में सरकार को सौर ऊर्जा से विद्युत उत्पादन करने का लाभ प्राप्त करना होगा। गुप्ता द्वारा मुख्यमंत्री को लिखे गये पत्र में कहा कि सरकार को पीक सीजन में महंगी बिजली खरीदने को मजबूर होना पडता है। जबकि राज्य में सौर ऊर्जा की अपार संभावनाएं हैं। सौर ऊर्जा उत्पादन प्रदूषण रहित होने के साथ उत्पादन व वितरण हानियों में कमी लाती है। बिजली चोरी जैसी समस्याओं से निजात मिल जाती है। इसे न्यूनतम मानव संसाधन से संचालन किया जा सकता है तथा ऊर्जा सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता को मजबूती मिलती है। समृद्ध भारत अभियान के निदेशक द्वारा लिखे पत्र में कहा है कि प्रधानमंत्री-कुसुम योजना के तहत् राजस्थान में अब तक केवल 12.08 प्रतिशत ही लक्ष्य प्राप्त किये हैं तथा रूफ टॉप सोलर अभी तक जन आंदोलन स्वरूप प्राप्त नहीं कर पाया है। सोलर सिस्टम लगवाने वाले अधिकांश उपभोक्ताओं को समय पर अनुदान नही मिलना भी इसकी गति की प्रगति में एक कारण रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि इसके लिए राज्य में एक सकल अभियान शहरी क्षेत्रों से शुरू हो बाद में इसे ठाामीण क्षेत्रों तक विस्तारित किया जाये। गुप्ता ने यह सुझाव दिया है कि प्रदेश सौर ऊर्जा उत्पादन करने वाली निजी कंपनियों को पाबंद किया जाये कि वे अपने बिजली उत्पादन में से कम से कम 10 प्रतिशत विद्युत राज्य को विक्रय करें । सरप्लस सौर ऊर्जा एकत्रीकरण के लिए बैटरी आधारित संयंत्र भी स्थापित किये जाने चाहिए ताकि रात्रि के समय उपभोक्ताओं को नियमित विद्युत सप्लाई प्राप्त होती रहे।

गो हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध और सख्त कानून की मांग

गंगापुर सिटी । गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत पुरानी अनाज मंडी स्थित सीताराम मंदिर में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अभियान के उद्देश्यों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। तहसील गो प्रचारक और गो सेवक गोविंद नारायण शर्मा ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य केंद्र व राज्य सरकारों से संविधान के दायरे में अहिंसक तरीके से प्रार्थना कर गो माता को सेवा, सुरक्षा और सम्मान दिलाना है। साथ ही उन्हें राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने की मांग की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि देशभर में संत समाज और गो सेवकों के सहयोग से गो हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध और सख्त कानून लागू करने की मांग को लेकर यह अभियान चलाया जा रहा है।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारा छोटा पुत्र प्रज्जवल मीना पुत्र श्री प्रकाश चन्द मीना बदनियति पर है तथा इनका चाल चलन भी ठीक नही है। उक्त प्रज्जवल मीना हमारी बात नही मानता है तथा मारपीट व गाली-गलौच करता है, व आवारा लोगों के साथ घूमता रहता है, हमारे छोटे पुत्र प्रज्जवल मीना को काफी समझाने का कई बार प्रयास किया, मगर ये मानने को तैयार नही है उल्टा हमें ही मारपीट पर आमादा हो जाता है इसके रोज-रोज के झगडे व उत्पातों से हम परेशान हो चुके है, तथा हमारा पुत्र प्रज्जवल मीना दीगर व्यक्तियों से उधार पैसे मांगता है आज के बाद अगर कोई भी व्यक्ति प्रज्जवल मीना को रूपये उधार देता है तो उसका स्वयं प्रज्जवल मीना व पैसे देने वाला रहेगा इसमें हमारी किसी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नही होगी तथा इनसे हमको कोई सहारा भी नही है बल्कि हमको ही बेघर करने को आमादा है इस कारण हम प्रकाश चन्द मीना व सुनीता मीना द्वारा अपने छोटे पुत्र प्रज्जवल मीना को हमारी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है आज के बाद इनका हमारी किसी भी चल-अचल सम्पत्ति से किसी तरह का कोई सरोकार नही रहेगा। कोई भी व्यक्ति इनसे किसी भी प्रकार का संव्यवहार अपने स्तर पर ही करे। अगर करता है तो उसकी जिम्मेदारी स्वयं की होगी।

सूचनाकर्ता- प्रकाश चन्द मीना पुत्र श्री गोपाल लाल मीना एवं श्रीमति सुनीता मीना पत्नि श्री प्रकाश चन्द मीना निवासी वसुन्धरा कॉलोनी, सादौदा, गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर राजस्थान मोबाइल नं. 9166961332

कार्यालय सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, भरतपुर
खण्ड - भरतपुर

राजस्थान सार्वजनिक अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को (नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

मुकदमा नम्बर 80 भ 2026 (23)

चूंकि कार्यवाहक अध्यक्ष श्री दलपत उर्फ स्वामी दयानन्द पंजीकृत प्रन्यास महर्षि दयानन्द वैदिक साधु आश्रम जघीना गेट, भरतपुर (राज.) ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत पंजीकृत प्रन्यास महर्षि दयानन्द वैदिक साधु आश्रम जघीना गेट, भरतपुर (राज.) प्रन्यास के संबंध में नवीन कार्यकारिणी दर्ज किये जाने हेतु जांच के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 23 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसके परिवर्तन बावत् जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

नोटिस आज दिनांक 23.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मौहर के अधीन जारी किया गया।

प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 27.05.2026 है।

मुकेश कुमार मीना
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, भरतपुर

करौली में अब भी मूलभूत सुविधाओं का टोटा

करौली। को जिला बने वर्ष 2027 में तीन दशक पूरे होने जा रहे हैं लेकिन करौली जिला मुख्यालय पर स्थित शहर वासियों को आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए भटकना पड़ रहा है। यही नहीं करौली को जिला मुख्यालय जैसा स्वरूप भी नहीं मिल पा रहा है। करौली को सरकार ने भले ही वर्ष 1997 में जिला का दर्जा दिया हो और करौली को जिला बने वर्ष 2027 में 30 वर्ष पूरा होने जा रहा है लेकिन राजनेताओं और प्रशासन की अकर्मण्ङता के चलते करौली को जिले का स्वरूप नहीं मिल पा रहा है यही नहीं जिला मुख्यालय स्थित शहर वासियों को मूलभूत सुविधाओं का भी लाभ तक नहीं मिल पा रहा है शहर में वहीं टूटी सड़कें अतिक्रमणों से घिरी सकड़ी गली आम रास्तों में दलदल और आम रास्ते में अंधेरे का आलम देखा जा रहा है। इसके अलावा पेयजल व्यवस्था और बिजली व्यवस्था से आमजन त्रस्त होता देखा जा रहा है देखने लायक तो यह है कि करौली परिक्षेत्र यानी ग्रामीण क्षेत्र से लोग यह सोचकर की करौली जिला मुख्यालय बन चुका है जहां उच्च शिक्षा उच्च उपचार के अलावा बिजली पानी सड़क आदि की मूलभूत सुविधाओं का लाभ पाने के लिए ग्रामीण क्षेत्र की अपनी जमीन जायदाद को ओंने पोंने दामों में बेचकर और महंगे दामो में जिला मुख्यालय स्थित शहर में भूखंड खरीद कर मकान बनाकर रहने लग गए लेकिन उनको अब यहां ना तो उच्च शिक्षा उच्च उपचार और मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने से लोग अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं करौली परिक्षेत्र यानी ठाामीण क्षेत्र से अपनी जमीन जायजाद को बेचकर जिला मुख्यालय स्थित शहर में आकर बसे लोगों के साथ एक कहावत (कुआं के रहे ना घाट के) चरितार्थ हो रही है। लोगों का कहना है कि जिस उद्देश्य से करौली शहर में आकर बसे उस उद्देश्य का सपना ही साकार हो रहा है। क्योंकि करौली जिला मुख्यालय स्थित शहर में यह सोचकर महंगे दावों में भूखंड खरीद कर मकान बने कि यहां पर होनहार बच्चों के लिए उच्च शिक्षा मिलेगी और बीमारियों से ठासित लोगों को उच्च उपचार मिलेगा साथ ही बिजली पानी सड़क आदि जैसी मूलभूत सुविधाएं मिलेगी लेकिन यहां ना तो मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल रहा है ना ही उच्च शिक्षा और उच्च उपचार मिल रहा है। लोगों का कहना है की यहां उच्च शिक्षा के नाम पर निजी विद्यालयों में मनमानी फीस वसूली जा रही है और यहां जिला मुख्यालय स्थित चिकित्सालय मैं तो हाल ही बेहाल है साधारण बीमारी पीड़ित रोगियों को उपचार देने की बजाय जयपुर रेफर करते हैं और अधिकांश गंभीर बीमारी से ठासित रोगी को तो यहां के चिकित्सक भर्ती करने से पूर्व ही जयपुर की सलाह दे देते हैं। और रहा मूलभूत सुविधाओं का सवाल बिजली का यहां हाल ही में बेहाल है दिनभर आंख में मिचौनी का सा खेलं चलता रहता है इसी प्रकार पेयजल सप्लाई की ओर देखा जाए तो यहां पर्याप्त मात्रा में लोगों को पेयजल सप्लाई नहीं मिलती है यही नहीं कई मोहल्ले में तो एक दिन छोडकर पेयजल सप्लाई मिल रही है जिससे लोगों को इस भीषण गर्मी के दौर में बिजली और पानी की मार चलने के लिए विवस होना पड रहा है इसके अलावा शहर के परकोटे भीतर की सड़कों के हालात बहुत गंभीर जनक है जिन पर लोगों का चलना भी रिस्क भरा है। शहर के वजीरपुर गेट गणेश गेट हिंडौन दरवाजा मासलपुर गेट मेला दरवाजा होकर शहर में जा रही सडकों की जर्जर हालत से आमजन पीडित है देखने लायक यह है कि शहर की जर्जर सडक बिजली की आंख मिचौली के खेल से और इस भीषण गर्मी में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था से ऐसा नहीं है।

बाल वाहिनीयों का सघन जांच अभियान शुरू

- विद्यालयों की बसों का भौतिक सत्यापन किया गया

धौलपुर। जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी व जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के दिशा निर्देशन में स्कूल वाहनों का संघन जांच अभियान शुरू किया है।

जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि कई स्कूल संचालक अपने वाहनों की नियमित फिटनेस नहीं करवा रहे तथा यातायात नियमों की अव्हेलना कर रहे है। जिसके लिए विभाग की ओर से विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है जिसमें परिवहन निरीक्षक प्रत्येक विद्यालय में जाकर वहां के वाहनों का भौतिक सत्यापन कर रहे है।

उन्होंने बताया कि विद्यालय संचालकों को विभाग की ओर से समझाइश के बाद वाहनों को दुरुस्त करने के लिए समय दिया जा रहा है और उसके बाद भी यदि संचालक वाहनों को सही नहीं करते तो फिर ऐसे वाहनों को विभाग के द्वारा सीज कर दिया जाएगा। परिवहन निरीक्षक दीपक शर्मा ने बताया कि उनके द्वारा निजी विद्यालयों की बसों का भौतिक सत्यापन किया गया जिसमें कई विद्यालयों की बसों की स्थिति काफी दयनीय है। बसों की फिटनेस नहीं है ऐसे में अभिभावक ऐसे विद्यालयों में जहां बसो की नियमित फिटनेस नहीं हो रही।

ऐसी बसों में अपने बच्चों को परिवहन करने से परहेज करें। उन्होंने कहा कि फिलहाल समझाइश करके 5 दिन का समय दिया गया है अगर 5 दिन में विद्यालय अपनी बसों को दुरुस्त नहीं करता तो विद्यालय की बसों को सीज किया जाएगा तथा विद्यालय के विरुद्ध भी कार्रवाई के लिए शिक्षा विभाग को पत्र दिया जाएगा।

Government of Rajasthan
Principal, Devnarayan Govt. Boys Residential School, Peeparra, Bayana, Bharatpur
email id SantoshKPjain@gmail.com mob. No. 8005736657
कमांकः-देवराबाआवि / लेखा / 2026-27 / दिनांकः-

NIT - 01/2026-27 (NIB :-SOC2627A0015)

Bids for school for computers, printers, cctv camer, RO SYSTEM and other electronic items (Rs. 12.59 Lac) are invited from interested bidders upto date 02-05-2026 Time 11:00 AM. Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state and Social Justice and Empowerment Departmental website.

UBN No. :- SOC2627GLOB00017

Principal
D.G.B.R.School
Peeparra, Bayana, Bharatpur